लोक सुनवाई का वृत।

मेसर्स कविता कंस्ट्रक्शन, प्रो0–श्री धर्मवीर यादव, पिता–श्री विशुनधारी गोप, ग्राम–मालपुर, पोस्ट–प्रहलादपुर, थाना–घोसवारी, जिला–पटना द्वारा नालंदा सकरी नदी स्थित सकरी 05 बालू घाट (ब्लॉक–02), मौजा–तेतरावन, अंचल–बिहारशरीफ, जिला–नालंदा के अन्तर्गत परियोजना से संबंधित पर्यावरणीय स्वीकृति के वास्ते पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के अधिसूचना सं0 एस.ओ.1533, दिनांक 14 सितम्बर, 2006 के तहत दिनांक 27.09.2023 को अपराह्न 03:00 बजे नालंदा जिला के अंचल कार्यालय, बिहारशरीफ, जिला–नालंदा में लोक सुनवाई की गयी।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार अधिसूचना सं0–एस.ओ. 1533, दिनांक 14 सिम्बर 2006 एवं यथा संशोधित के तहत् राज्य स्तरीय पर्यावरणीय समाघात निर्धारण प्राधिकरण, बिहार के द्वारा निर्गत TOR File.No.SIA/1(a)/2442/2023, dated 21.06.2023 के आलोक में श्री मधुसूदन प्रसाद, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, नालंदा (जिला पदाधिकारी, नालंदा के प्रतिनिधि) की अध्यक्षता में बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, द्वारा दिनांक 27.09.2023 को अपराह्न 03:00 बजे अंचल कार्यालय, बिहारशरीफ, जिला–नालंदा में लोक–सुनवाई आयोजित की गयी। उपस्थिति पंजी संलग्न (अनुलग्नक–1)

इस लोक–सुनवाई की सूचना बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा दैनिक समाचार पत्रों यथा हिन्दुस्तान एवं दैनिक भास्कर के माध्यम से दिनांक 24.08.2023 को प्रकाशित की गयी थी (प्रतिलिपि संलग्न)। लोक–सुनवाई के दौरान श्री आशीष कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय पदाधिकारी, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्, पटना द्वारा लोक–सुनवाई में उपस्थित जन–समुदाय एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिसूचित पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना सं0–एस.ओ.1533, दिनांक 14 सितम्बर 2006 एवं यथा संशोधित के तहत् इकाई के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक–सुनवाई की पृष्ठ–भूमि पर प्रकाश डाला गया। लोक हित में कार्य योजना से संबंधित सुनवाई के उद्देश्य से उपस्थित लोगों को अवगत कराया गया। साथ ही स्थानीय लोगों से पर्यावरण संरक्षण एवं लोक हित के संबंध में सुझाव/विचार/मंतव्य माँगा गया।

लोक सुनवाई कार्यक्रम के अध्यक्ष के अनुमति से परियोजना के पर्यावरणीय सलाहकार श्री प्रवीण कुमार राय ने इकाई की खनन कार्य परियोजना, प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था एवं कॉरपोरेट पर्यावरण जिम्मेदारी (Corporate Environmental Responsibility) आदि के संबंध में आमजनों को विस्तृत रूप से अवगत कराया। इनके द्वारा सूचित किया गया कि खनन कार्य के उपरान्त परिवहन के दौरान उत्सर्जित होने वाले धूल–कण की रोक–थाम हेतु सड़को पर नियमित रूप से जल छिड़काव किया जायेगा । वाहनों पर ओवरलोडिंग नही की जायेगी। वाहनों को तिरपाल से ढक कर ले जाया जायेगा। खनन कार्य सतह से 1 मीटर की गहराई तक या भू–जल स्तर से ऊपर तक किया जायेगा। ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु ध्वनि यंत्र (हार्न) का न्यूनतम उपयोग किया जायेगा। पुराने एवं खराब वाहनों का इस्तेमाल नहीं किया जायेगा। सड़क के किनारे एवं खनन

पट्टा क्षेत्र में वृक्षारोपण (70 नं0)का कार्य किया जायेगा। बालू खनन के दौरान पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के Sustainable Sand Mining Management

Guidelines 2016 (SSMG-2016) एवं Enforcement & Monitoring Guidelines for Sand Mining-2020 (EMGSM-2020) के प्रावधानों का अनुपालन किया जायेगा।

परियोजना प्रस्तुतिकरण के पश्चात् उपस्थित महानुभावों द्वारा दिए गए सुझाव/मंतव्य निम्नवत: है:-

| कमांक | नाम एवं पता | प्रतिकिया/सुझाव |
|---|---|---|
| 1. | श्री जय राम, ग्राम-तेतरावां, जिला-नालंदा। | इनके द्वारा सुझाव दिया गया पानी का छिड़काव नियमित रूप से किया जाना चाहिए। इनके द्वारा यह भी सुझाव दिया गया कि खनन क्षेत्र के आस-पास के गाँवों एवं सड़क के किनारे विद्युत आपूर्त्ति की जाय, ताकि अंधेरा न रहे। |
| 2. | श्री उमाकांत, ग्राम-तेतरावां, जिला-नालंदा। | इनके द्वारा सुझाव दिया गया कि सड़क के दोनों किनारें पर पेड़ लगाये जाए एवं इनका बचाव भी किया जाय, जिससे वायु प्रदूषण एवं ध्वनि प्रदूषण कम होगा। |
| 3. | श्री अरविन्द पासवान (पूर्व मुखीया), ग्राम-तेतरावां, जिला-नालंदा। | इनके द्वारा बताया गया कि बालू खनन जल्द शुरू होना चाहिए। क्योंकि बालू खनन नहीं होने से इन्दिरा आवास, घर इत्यादि बनाने में दिक्कत होती है। हमलोगों को बालू काफी महंगा मिलता है। इसलिए बालू खनन जितना जल्द हो उतना अच्छा है। इससे अवैध खनन पर भी रोक लगेगा। |
| 4. | श्री सुरेन्द्र कुमार, ग्राम-परोहा, जिला-नालंदा। | इनके द्वारा पूछा गया कि खनन परियोजना में कितने लोगों को रोजगार मिलेगा और इसमें किन लोगों को रखा जायेगा।<br>पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा बताया गया कि इस परियोजना से 15 लोगों को रोजगार मिलेगा। प्राथमिकता के आधार पर स्थानीय लोग को योग्यता अनुसार रोजगार प्रदान किया जायेगा। प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का सृजन होगा।<br>परियोजना के संवेदक श्री धर्मवीर यादव द्वारा भी बताया गया कि |



CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | | कम–से–कम 15 लोगों को रोजगार मुहैया कराया जायेगा, जरूरत पड़ने पर संख्या बढ़ भी सकती है। रोजगार में स्थानीय लोग को योग्यता के अनुसार प्राथमिकता दी जायेगी। |

जिला खनन पदाधिकारी, नालंदा द्वारा बताया गया कि खनन प्रभावित क्षेत्र के लिए जिला खनिज फाउंडेशन में संचित राशि से इस क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेय–जल इत्यादि पर खर्च करने का प्रावधान है। खनन परियोजना के कुल लागत का 2% राशि इसमें संचित होता है। खनन प्रभावित क्षेत्र का विकास किया जाता है।

अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि बालू का उपयोग निर्माण कार्य में किया जाता है एवं राज्य का विकास होता है। विकास के साथ पर्यावरण पर भी ध्यान देना आवश्यक है। उन्होने उम्मीद जताया कि वैज्ञानिक तरीके से बालू खनन का कार्य एवं विभागीय निर्देश का अनुपालन किया जायेगा।

पौधों का रख–रखाव स्थानीय ग्रामीण के द्वारा ही सुनिश्चित कराया जाय।

उनके द्वारा बताया गया कि अगर काम प्रारंभ होगा तो सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी। स्थानीय लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। गाँव की अर्थ–व्यवस्था में एवं प्रभावित क्षेत्र का विकास में तेजी आयेगी।

जन–सुनवाई के अंत में उपस्थित जनता के सुझाव को संग्रहित करते हुए सक्षम प्राधिकार को अग्रसारित करने का निर्णय लिया गया। तत्पश्चात् लोक सुनवाई सधन्यवाद समाप्त करने की घोषणा की गयी।

29-9-23

क्षेत्रीय पदाधिकारी
बि.रा.प्र.नि.पर्षद,पटना

29/9/23

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
नालंदा

CamScanner

# उपस्थिति सूचि

**मेसर्स कविता कंस्ट्रक्शन, प्रो0–श्री धर्मवीर यादव, द्वारा नालंदा सकरी नदी स्थित सकरी–05 बालू घाट (ब्लॉक–02), मौजा–तेतरावन, अंचल– बिहार शरीफ, जिला–नालंदा में आयोजित लोक–सुनवाई के दौरान उपस्थित व्यक्तियों की सूचीः**

**स्थान–अंचल कार्यालय, बिहार शरीफ दिनांक 27.09.2023 समय–03:00 P.M.**

| क्र.सं. | नाम | पता | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | मधुसूदन प्रसाद | जिला खनन पदा0 | [signature] 27.9.23 |
| 2. | आशीष कुमार गुप्ता | सीनीय पदाधिकारी बि. रा. प्र. नि. पर्षद, पटना | आ 27-9-23 |
| 3. | प्रवीण कु0 राय | Env. consultant | [signature] |
| 4. | Mukesh kr | Dmo nalanda | [signature] 27/9/23 |
| 5. | विकाश कुमार | B.S.P.C.B, Patna | Vikash kumar |
| 6. | धर्मवीर यादव | ग्राम - मानपुर | धर्मवीर यादव |
| 7. | अरविन्द भगवान | ग्रा चकन्दी | अरविन्द भगवान 27/9/23 |
| 8. | सतेन्द्र पासवान | ग्राम उपराफो | सतेन्द्र पासवान पं. स. सदस्य नायपुरा |
| 9. | भोला कुमार | तेतरावाँ | भोला कुमार |
| 10 | जितेन्द्र कुमार | तेतरावाँ | जितेन्द्र कुमार |
| 11 | विनय कुमार | तेतरावाँ | विनय कुमार |
| 12 | राजकुमार | तेतरावाँ | राजकुमार |
| 13 | सुरेन्द्र कुमार | परोहा | सुरेन्द्र कुमार |
| 14 | सुदर्शन प्र | तेतरामा | |
| 15 | रविन्द्र कुमार | चकन्दी | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16 | संजय कुमार | तेतरावाँ | संजय कुमार |
| 17 | ओइम पासवान | ~~तेतरावाँ~~ मानपुर | ओइम पासवान |
| 18 | दिनेश पासवान | ग्राम पचनी | दिनेश पासवान 875716931З |
| 19 | संजय कुमार | बिलासपुर | संजय कुमार |
| 20 | राजाछीव पासवान | हरगांवा | राजाछीव पासवान 7079061694 |
| 21 | ओजित पासवान | हरगावा | ओजित पासवान |
| 22 | सतेन्द्र कुमार | धनुकी | |
| 23 | पंजाबी पासवान | मानपुर | |
| 24 | आजूप कुमार | हरगावा | आजूप कुमार |
| 25 | पुना साव | धनुकी | पुना साव |
| 26 | Shatrughan Prasad | Ocean-Enviro | S. prasad 28/09/23. |
| 27 | | | |
| 28 | | | |
| 29 | | | |
| 30 | | | |
| 31 | | | |
| 32 | | | |
| 33 | | | |
| 34 | | | |